तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 19. 0 डिग्री

हरिभूमि

जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 11 मार्च 2025



2 पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं महिलाएं



## खबर संक्षेप

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### पोर्टल में किसानों के पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जन चौपाल, जनसमस्या निवारण आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री के दैनिक प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को किसानों के पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से आगामी कक्षा पांचवी और आठवीं के बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत रैपिड असेसमेंट सर्वे के तहत लाभार्थियों की पहचान करने व योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने कहा। उन्होंने जिले में किसानों की खाद बीज की मांग को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में आवश्यकतानुसार खाद-बीज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए।

### रंगमहल रिसॉट में शिल्प उन्नति समारोह कल

**जांजगीर- चांपा।** कोसा लाइवलीहुड एंड सोशल फाउंडेशन द्वारा बुधवार 12 मार्च को रंगमहल रिसॉट होटल लछनपुर में शिल्प उन्नति समारोह का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे स्वागत एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम होगा। 11:30 बजे कोसा से कृति कार्यक्रम 11:50 बजे सुरक्षित भविष्य की ओर जीवन बीमा, 12:30 बजे लोक संगीत कार्यक्रम, 1:15 बजे योजना के तहत बुनकरों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम कलेक्टर आकाश छिकारा की उपस्थिति में होगा।

### करही में किसान कार्ड बनवाने शिविर आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम करही में किसान कार्ड, फार्मर पंजीयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन मंगलवार 11 मार्च को सुबह 10 बजे से ग्राम पंचायत भवन करही में शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में हल्का पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के अलावा ग्राम पंचायत के सचिव और पंचायत पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। शिविर में सभी से उपस्थिती की अपील की गई है।


### सारागांव व नरियरा में कांग्रेस, पामगढ़ बसपा के खाते में

# उपाध्यक्ष चुनाव : आधे से अधिक नगर पंचायतों में भाजपा की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा को फिर से बढ़त मिली है। जांजगीर चांपा जिले के 8 नगर पंचायतों में 5 जगहों पर भाजपा के उपाध्यक्ष बने है। जबकि कांग्रेस को 2 नगर पंचायतों में जीत मिली है और बसपा का गढ़ पामगढ़ में उपाध्यक्ष का पद भी बसपा के खाते में गया है।

सोमवार 10 मार्च को जिले की नगर पंचायतों में अध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसको लेकर गहमागहमी का माहौल रहा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पीठासीन अधिकारी अपनी टीम के साथ नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष का चुनाप कराने पहुंचे। इस दौरान भाजपा व कांग्रेस के दोनों प्रमुख दलों के नेता व समर्थक अपने पार्षद को उपाध्यक्ष बनाने मशक्कत करते दिखे। इसके अलावा कुछ जगहों पर अन्य दलों के साथ निर्दलीय पार्षद भी अपने तरीके से गणित बैठाने में लगे रहे। निर्वाचन की प्रक्रिया निर्धारित समय पर सभी नगर पंचायतों में प्रारंभ हुई। इसके कुछ घंटे बाद ही परिणाम भी आने लगे। प्राप्त परिणाम के आधार पर देखा जाए तो जांजगीर चांपा जिले की 8 नगर पंचायतों में से 5 नगर पंचायत नवागढ़, शिवरीनारायण, राहौद, खरौद व बलौदा भाजपा के खाते में गया। इन पांचों नगर पंचायतों में भाजपा के पार्षद उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए है। जबकि सारागांव और नवगठित नगर पंचायत नरियरा में उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस को जीत मिली है। इन सबसे हटकर नवगठित नगर पंचायत पामगढ़ में उपाध्यक्ष भी बसपा के खाते में गया है।



नरियरा नगर पंचायत में जीत के बाद समर्थकों के साथ विजयी प्रत्याशी।

**यहां ये बने नपं उपाध्यक्ष**

| | |
|---|---|
| सारागांव नपं | दिलेश्वर राठौर |
| शिवरीनारायण नपं | सरस्वती यादव |
| पामगढ़ नपं | सिद्धार्थ कमला खूंटे |

### नगर पंचायत राहौद में चंदेल बने उपाध्यक्ष



**राहौद।** नगर पंचायत राहौद में शपथ ग्रहण के साथ ही उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव सम्पन्न हुई। भारतीय जनता पार्टी ने उपाध्यक्ष पद के लिए गयाराम चंदेल को प्रत्याशी बनाया तो वहीं कांग्रेस पार्टी ने वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद को उपाध्यक्ष के लिए प्रत्याशी घोषित किया, नपं अध्यक्ष सहित पंद्रह पार्षदों ने मतदान में भाग लिया। मतदान पूर्व होने के बाद मतगणना शुरू हुई जिसमें भाजपा के गयाराम चंदेल को 12 वोट मिले वहीं कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रत्याशी सावित्री सोनी को 4 वोट प्राप्त हुई। मतगणना के साथ ही प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भाजपा समर्थित गयाराम चंदेल को12-4 के अंतर से विजयी होने की घोषणा की।

### बलौदा में भाजपा के सोनी बने उपाध्यक्ष

**बलौदा।** नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नपं कार्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक राघवेंद्र सिंह, राज्य युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, हथकरघा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमल देवांगन , पूर्व नपं अध्यक्ष गोविंद देवांगन, पूर्व नपं अध्यक्ष केवल चंद जैन, पूर्व नपं अध्यक्ष अशोक अरोरा, मंडल भाजपा अध्यक्ष नीलेश गुप्ता, कन्हैया राठौर, सदन यादव उपस्थित थे। एसडीएम विक्रांत अंचल ने अध्यक्ष और पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए कराए गए मतदान में भाजपा के कृष्ण कुमार सोनी को 10 एवं कांग्रेस के रामसिंह राजपुत को अध्यक्ष का वोट मिलाकर 6 वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी कृष्ण कुमार सोनी 10- 6 के अंतर से चुनाव जीत कर नप उपाध्यक्ष बने।



### नरियरा में उपाध्यक्ष पद पर लॉटरी से कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति को मिली जीत

**नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा में उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति सत्येंद्र दुबे एवं भाजपा के प्रत्याशी आकाश सिंह को 8-8 मत मिलने पर लॉटरी के माध्यम से निर्णय किया गया। जिसमें कांग्रेस के प्रत्याशी प्रीति सत्येंद्र दुबे को विजेता घोषित करते हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद पर विजेता घोषित किया गया। नगर पंचायत के 15 पार्षदों के चुनाव में 7 पार्षद कांग्रेस पार्टी के पांच पार्षद बीजेपी के एवं तीन निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए थे। भाजपा की ओर से आकाश सिंह एवं कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रीति सत्येंद्र दुबे को नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनाया गया था। निर्वाचन के दौरान दोनों ही प्रत्याशियों को 8-8 मत प्राप्त हुए।। जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी प्रीति सत्येंद्र दुबे को विजेता घोषित किया गया।

### नवागढ़ में निरंजन कोसले बने उपाध्यक्ष

**नवागढ़।** नगर पंचायत नवागढ़ सोमवार 10 मार्च को उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। चुनाव को लेकर सहायक कलेक्टर एवं एसडीएम जांजगीर दुर्गा प्रसाद अधिकारी द्वारा नगर पंचायत नवागढ़ उपाध्यक्ष पद हेतु बतौर पीठासीन अधिकारी निर्वाचन सम्पन्न कराया गया। मतगणना पश्चात भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निरंजन कोसले को सम्यक रूप से नगर पंचायत नवागढ़ के उपाध्यक्ष घोषित किया गया।

# किसानों के लिए परेशानी का पर्याय बना जैजैपुर का जिला सहकारी बैंक

### पसीने की कमाई पाने होती है मशक्कत, बिचौलियों का बोलबाला



जिला सहकारी बैंक जैजैपुर में राशि लेने पहुंचे किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

जिला सहकारी बैंक जैजैपुर में किसानो को होने वाली समस्याओं का कोई समाधान नहीं है। धान बेचने के शुरूआती दिनों से लेकर अब तक किसानों की भीड़ यहां पसीने की कमाई हासिल करने मशक्कत करती रहती है। जबकि दूसरी ओर व्यापारियों और बिचौलियों का काम बड़ी आसानी से निपट जाता है। ऐसे में यहां जनआक्रोश भी पनपने लगा है।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा जैजैपुर में किसानों की परेशानी कोई नई बात नहीं है। जिम्मेदार अधिकारियों की मनमानी चरम पर है। ऐसे में किसान अपने खून पसीने की कमाई की राशि पाने सुबह से शाम तक बैंकों में लंबी कतारे लगाकर अपनी बारी आने का इंतजार करते रहते हैं। उन्हें मुश्किल से 20 से 30 हजार ही मिल पाता है। इसके पीछे बैंक के जिम्मेदार अधिकारी कैश की किल्लत बताते है। उनका कहना था कि ऊपर से पर्याप्त राशि नहीं आने के कारण भुगतान में इस तरह की परेशानी हो रही है, जबकि दूसरी ओर बिचौलियों को लाखों रुपए का भुगतान बैंक प्रबंधन द्वारा बड़ी आसानी से कर दिया जाता है। बताया जाता है कि इसके पीछे कुछ लोग सक्रिय है। सूत्रों की माने तो व्यापारियों और बिचौलियों का काम पिछले दरवाजे से बड़ी आसानी से किया जाता है। उन्हें इसके लिए कमीशन के तौर एक निश्चित राशि देनी होती है। सूत्र तो यहां तक बताते है कि कुछ लोग विड्रॉल फार्म लेकर घरों में ही भरते है। इसके बाद ऐसे लोगों का सारा फार्म देर शाम को बैंक में जमा किया जाता है और इसके बाद मौका देखकर थोक में उन्हें राशि का भुगतान भी कर देते है। सूत्रों की माने तो इसके लिए नया तरीका अपनाया गया है। जिसके तहत पहले एवं तीसरे शनिवार को सुरक्षित रखते है। बताते है कि इस दिन कार्यालयीन कार्य के नाम से किसानों का भुगतान नही होता। ऐसे में इसी दिन ऐसे लोगों के भुगतान की व्यवस्था यहां बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि किसान जहां एक ओर अपने पसीने की कमाई पाने सुबह से शाम तक कतार में खडे होते है, वहीं दूसरी ओर कमीशन के दम पर पिछले दरवाजे से पहुंच बना पाने में सफल लोगों को काम बड़ी आसानी से हो जाता है और उन्हें बगैर कोई लिमिट के बड़ी राशि दे दी जाती है।

इस संबंध में जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील सोंढ़ी का कहना है कि शिकायत मिली है। मामले को गंभीरता से लिया गया है। अविलंब कार्रवाई की जाएगी।

# टंगिया से वारकर हत्या जीजा को आजीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पत्नी को मिली बंटवारे की जमीन बिक्री का पूरा पैसा नहीं मिलने पर दिनदहाड़े अपने बड़साले की हत्या करने वाले आरोपी जीजा को सत्र न्यायाधीश जांजगीर शक्ति सिंह राजपूत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।

अभियोजन के अनुसार, बलौदा निवासी लक्ष्मीनारायण चक्रधारी की बहन का विवाह राजकुमार प्रजापति के साथ हुआ था। ग्राम नैला में लक्ष्मीनारायण के पिताजी के नाम पर 52 डिसमिल जमीन है। जिसमें से 6 डिसमिल जमीन राजकुमार प्रजापति की पत्नी को बंटवारे में मिली थी। लक्ष्मीनारायण ने 9 लाख रुपए में उक्त जमीन की बिक्री करने का सौदा कराया था और 2 लाख रुपए एडंवास अपने बड़साले को दिए थे। बाकी पैसा नहीं मिला था और बार-बार मांगने पर भी लक्ष्मीनारायण टालमटोल कर रहा था। 27 नवंबर 2023 को भी राजकुमार की पत्नी पैसे मांगने मायके नैला पहुंची थी, पैसे नहीं मिलने पर अपने पति राजकुमार को फोन कर सारी जानकारी दी। इससे राजकुमार गुस्से में आ गया। आक्रोशित राजकुमार 1 दिसंबर 2023 को ग्राम बलौदा में महेश उर्फ मुन्ना के दशगात्र कार्यक्रम में नैया तालाब बलौदा के पास पहुंचा और अपने साले पर टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। मामले की सूचना मिलने पर बलौदा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां संपूर्ण साक्ष्य और गवाहों को सुनने के बाद हत्या का आरोप सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश जांजगीर शक्ति सिंह राजपूत ने आरोपी राजकुमार प्रजापति पिता स्व. टिंगाली राम प्रजापति, उम्र 54 वर्ष निवासी रामनगर बलौदा निवासी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास व 5 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक संदीप बनाफर ने पैरवी की तथा सम्पूर्ण विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी बलौदा उप निरीक्षक मनोहर सिन्हा के द्वारा की गई।

### खरौद में अध्यक्ष और पार्षदों ने ली शपथ

**खरौद।** नगर पंचायत खरौद में हाल ही में संपन्न हुए नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। भाजपा के नव-निर्वाचित अध्यक्ष गोविंद यादव और सभी पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में डीप्टी कलेक्टर सुमीत बघेल, नगर पंचायत सीएमओ सत्यनारायण देवागन, गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा चुन्नीलाल साहू प्रभारी नपं. खरौद एवं पूर्व विधायक अकलतरा यशवंत साहू, जिला महामंत्री भाजपा संतोष लहरे, उत्तम सोनी, बसंत यादव, सुबोध शुक्ल शरदचंद्र शर्मा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महेश्वर यादव उपध्याक्ष चुनाव दो भाजपा के ही पार्षद के बिच में ही चुनाव हुआ, जबकि कांग्रेस के 7 पार्षद थे और भाजपा के 6 पार्षद थे और 2 अन्य पार्षद थे उसके बाद भी कांग्रेस ने उपध्याक्ष का कोई दावेदार नहीं था भाजपा से महेश्वर यादव को 10 वोट मिला तो वही प्रमिला यादव को 6 वोट मिला। जिसके तहत महेश्वर यादव को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई।

### उड़नदस्ता टीम लगातार कर रही केन्द्रों का निरीक्षण

# दसवीं विज्ञान की परीक्षा में 576 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर- चांपा

इस साल 10 वी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 14 हजार 735 छात्रो ने स्कूलो के माध्यम से पंजीयन कराया। जिसके तहत 14 हजार 159 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 576 छात्र छात्राए परीक्षा से अनुपस्थित रहे। स्कूल शिक्षा विभाग की उडनदस्ता टीम के द्वारा लगातार केन्द्रों का निरीक्षण भी कर रही है, ताकि प्रकरण सामने आने पर कार्यवाही की जा सके।

गौरतलब है कि छतीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जहां बारहवी बोर्ड की परीक्षा 1 मार्च तो दसवी बोर्ड परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ हुई है। इसी के तहत सोमवार 10 मार्च को दसवी बोर्ड मे विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 14 हजार 735 छात्रो ने स्कूलो के माध्यम से पंजीयन कराया था। जिसके तहत 14 हजार 159 छात्र छात्राए परीक्षा में शामिल हुए 576 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे। आंकडा देखे तो पामगढ ब्लाक में 10 वी बोर्ड परीक्षा दिलाने के लिए 3 हजार 200 छात्रो ने पंजीयन कराया जिसमें 3 हजार 42 छात्र परीक्षा में शामिल हुए वही 158 छात्र छात्राए परीक्षा से नदारद रहे। इसी प्रकार नवागढ ब्लाक में 4 हजार 749 छात्रो ने 10 वी बोर्ड परीक्षा दिलाने के लिए पंजीयन कराया जिसमें से 4 हजार 575 छात्र परीक्षा में शामिल हुए । वही 174छात्र छात्राओ ने परीक्षा नही दिलाई। बम्हनीडीह ब्लाक में बोर्ड परीक्षा देने के लिए 2 हजार 713 छात्र छात्राओ ने अपने स्कूलो के माध्यम से आवेदन जमा किया था। जिसके तहत 2 हजार 629 छात्र परीक्षा दिलाने के लिए पहुंचे वही 84 छात्र परीक्षा से नदारद रहे। अकलतरा ब्लाक में 2 हजार 247 छात्रो ने परीक्षा दिलाने के लिए आवेदन जमा किया इनमें से 2 हजार 169 छात्र परीक्षा देने के लिए केन्द्र पहुंचे वही 78 छात्रो ने पंजीयन कराने के बावजूद परीक्षा नही दी। इसी प्रकार बलौदा ब्लाक में 10 वी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 1 हजार 826छात्र छात्राओ ने अपने स्कूलो के माध्यम से आवेदन जमा किए थे। इनमें से 1 हजार 744 छात्र परीक्षा में शामिल हुए वही 82 छात्र अनुपस्थित पाए गए। इधर 10 वी बोर्ड परीक्षा को प्रारंभ हुए सप्ताह भर का समय हो चुका है। लेकिन अब तक नकल प्रकरण के एक भी मामले सामने नही आए है। स्कूल शिक्षा विभाग की टीम के द्वारा नकल रोकने को लेकर बोर्ड परीक्षा के दौरान केन्द्रों का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

## प्रतियोगिता में बलौदा ब्लॉक के बिहान क्रेडरों ने मारी बाजी



**बहेराडीह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा खोखरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्लेक्स में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बलौदा ब्लॉक के बिहान क्रेडरों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्लस्टर कुरदा,पहरिया, जर्वे ब और चारपारा आदि चारों क्लस्टर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता कार्यक्रम में कुरदा क्लस्टर के पीआरपी रोपेश्वरी निर्मलकर समेत पुष्पलता ध्रुव, ज्योति बैष्णव, ईश्वरी नेताम, पहरिया कलस्टर की सक्रिय महिला यज्ञ चौहान, अंजू बैनर्जी, जागेश्वरी यादव, लता दिवाकर,कुरदा क्लस्टर के बसंतपुर गांव से पार्वती यादव, प्रमिला यादव, एफएलसीआरपी नम्रता सिंह, सुनीता सिंह, लवकेशरी, मधु धीवर, प्रभा यादव, शांति खूंटे, भुवनेश्वरी, ख़ेमेश्वरी, गेंदबाई, धनेश्वरी, चंद्रवती मिरी आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बलौदा ब्लॉक के बिहान क्रेडरों को ब्लॉक के सभी चारों क्लस्टर के क्लस्टर महिला संगठन, ग्राम स्तरीय महिला ग्राम संगठन, बिहान महिला स्व सहायता समूह, सक्रिय महिला, एफएलसीआरपी, बैंक सखी, बैंक मित्र, आरबीके समेत एनआरएलएम के अधिकारियों ने प्रशन्नता ब्यक्त किया है।

## लोन मेला-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जांजगीर-चांपा।** अनुसूचित जाति के लोगो के लिए लोन मेला-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार,एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक तथा उद्यलयम फाउंडेशन, बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित किया गया। एनएसएफडीसी की ओर से प्रमोद कुमार झा, प्रबंधक सीआरजीबी की ओर से मोहित चावला, वरिष्ठ प्रबंधक कोरबा तथा उद्यलयम फाउंडेशन की ओर से उदित नारायण साहू, फाउंडर और दीपक कुमार को-फाउंडर उपस्थित थे। इस लोन मेला में लगभग 500 अनुसूचित जाति के व्यक्ति उपस्थित थे। प्रमोद कुमार झा प्रबंधक ने एनएफडीसी की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और यहां उपस्थित लोगो का होंसला बढाया । मोहित चावला, वरिष्ठ प्रबंधक, सीआरजीबी ने लोगो को ऋण लेने के बारे में पूरी जानकारी दी । लोन मेला के बाद लोगो में अलग उत्साह देखने को मिला तथा भारत सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए उत्साहित दिखे। लोन मेला में लगभग 500 से अधिक लोगो नें लोन लेने हेतु पंजीकरण किया।

## सारागांव थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रही अवैध शराब बिक्री

**देवरी सारागांव।** सारागांव थाना क्षेत्र के कई गांवों में अवैध शराब की बिक्री बेखौफ जारी है, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सारागांव, देवरी और अमरुवा सहित आसपास के गांवों में देशी शराब और महुआ शराब की अवैध बिक्री जोरों पर है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब बेचने वाले खुलेआम अपने कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस और आबकारी विभाग को इसकी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही। नतीजतन, अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और गांवों में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। नवयुवक और किशोर बड़ी संख्या में शराब के आदी हो रहे हैं, जिससे उनके भविष्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

सरकार के आदेशों की अनदेखी-राज्य सरकार ने अवैध शराब, गांजा, जुआ और सट्टा के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद सारागांव पुलिस और आबकारी विभाग निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। सरकारी आदेशों की अनदेखी के कारण अवैध धंधे बेखौफ फल-फूल रहे हैं।

### युवा कांग्रेस ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली मातृ शक्तियों का किया सम्मान

# पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एक्सीलरेट एक्शन थीम 2025 को लेकर पूरे विश्व में मनाया जा रहे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद प्रिंस शर्मा के संयोजकत्व में भारतरत्न स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल परिसर में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली 35 मातृ शक्तियों के सम्मान में शक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिले के वरिष्ठ इंका नेता दिनेश शर्मा जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पवार उपाध्यक्ष रफीक सिद्दीकी,हीरा उपाध्याय , महामंत्री ऋषिकेश उपाध्याय कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे, धीरज सिंह, राजा सिद्दीकी,पार्षद एवं पूर्व पार्षदगण की उपस्थिति में आयोजित सम्मान समारोह में सामाजिक, राजनीतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में कार्य करने वाली मातृ शक्तियों का शाल, श्रीफल, गुलाब फूल और मिठाई भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली सबसे ज्यादा उम्र दराज पूर्व प्राचार्य 94 वर्षीय श्रीमती सिंह मैडम और नर्सिंग के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाली 91 वर्षीय नर्स सुश्री कुसुम ने अपनी उपस्थिति देकर अपने कार्यक्षेत्र में किए गए कार्यों की स्मृतियों को ताजा करते हुए कार्यक्रम के लिए आयोजिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने कहा कि महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और पुरुषों में समानता लाना, महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करना है। इतिहास गवाह है कि महिलाओं का जीवन कष्टों और कठिनाइयों से गुजरा है। कितनी अनोखी विडंबना है कि नारी जिसने संसार को रचा, वहीं उसके अरमानों को, उसके अस्तित्व को कुचला गया मानो नारी रूप में जन्म लेना उसके लिए श्राप बन गया। परंतु वह ना हारी और पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ सभी संघर्षों का सामना करते हुए अवसर की तलाश में रही जैसे ही वह मौका उसे मिला उसने साबित कर दिया कि नारी ने पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक की ली ऐसी उड़ान ली जिसने सारी नारी जाति के सिकुड़े पंखों पर मानो जान भर दी हो और आज 21वीं सदी में नारी ने जीवन के हर क्षेत्र में अपनी शक्ति को पहचाना ,अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुई और पूरी काबिलियत और पूर्ण निष्ठा के साथ हर उस चुनौती को स्वीकार करते हुए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का साहस दिखाया, साहस ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में पुरुषों से आगे निकल भी गई परंतु इस कड़वे सच को नहीं नकारा जा सकता कि महिलाओं को आज भी पुरुषों की तुलना में कम आंका जाता है, आगे बढ़ने से पहले उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जैसे आज भी कुछ हिस्सों में बच्चियों को शिक्षा से वंचित रखा जाता है। कागज के पन्नों में नहीं बल्कि प्रत्येक मानव के दिल में महिला और पुरुष को बराबर का सम्मान मिलने की भावना हो तभी महिला दिवस को सफल माना जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने वह आभार प्रदर्शन पार्षद अक्षय टेकाम ने किया । इस दौरान सम्मानित की गई महिलाओं में जाह्नवी राठौर, श्रीमती नीता थवाईत, मुस्कान परवीन, गंगोत्री गढ़वाल, वर्षा सिंह संतोषी राठौर,मनोरमा पाटेकर, पाषर्दगण श्रीमती रक्षा सिंह, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, रेखा सोनवान, सुष्मिता आसना, गार्गी तिवारी, ज्योति यादव,ग्राम सेवाई सरपंच रीना चौरस, मीना पैगवार,शशिकांता हंसलिया, सुशीला निर्मलेकर, कुसुम सिद्धांति, सरोज सिंह, अनीता चतुर्वेदी, डिप्लोमाधारी ऑटो ड्राइवर रुक्मणी तरन चौहान, संध्या निर्मलकर, ए सिंह, जरीना खान, भगवतीन यादव, केसर विश्वकर्मा, कुमारी यादव, सावित्री महंत, रोहिणी तरुण, आंगन बाई सूर्यवंशी, शामिल रहे। कार्यक्रम में रामविलास राठौर, संतोष गढ़वाल, मुन्ना सिंह, अनिल राठौर, अनिल चौरसिया, अतीक सिद्दीकी, प्रदीप यादव, राकेश मिश्रा, विष्णु राठौर, गुड्डू पठान, सनत कुमार चौरस, कमलेश ताम्रकार,दीपक, टिंकू यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे ।



महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि।

## मोहतरा यूथ क्लब ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**जांजगीर-चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मोहतरा यूथ क्लब द्वारा गांव की 70 से अधिक महिलाओं, मितानिनों और आंगनबाड़ी शिक्षिकाओं के साथ एक भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और सामाजिक जागरूकता लाना था। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित महिलाओं ने महिलाओं के सराहनीय प्रयासों को पोस्टरों के माध्यम से देखा और समझा। पढ़ने में कठिनाई का सामना करने वाली महिलाओं की सहायता क्लब के युवा सदस्यों ने की, जिन्होंने हर पोस्टर को विस्तार से समझाया। इसके बाद, म्यूजिकल बॉल और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मटकी फोड़ते ही महिलाओं के चेहरे पर अपार खुशी झलक उठी, और उन्होंने हर्षित नृत्य किया। कई महिलाओं ने साझा किया कि उन्होंने करीब 25 साल बाद या शादी से पहले आखिरी बार इस तरह के पारंपरिक खेल खेले थे, जिससे उनकी बीती यादें ताजा हो गईं। कार्यक्रम के दौरान समाज की रूढ़ियों को चुनौती देने वाले प्रेरणादायक वीडियो भी दिखाए गए, जिन पर खुलकर चर्चा हुई। अंत में, आयोजन की समीक्षा की गई, और युवाओं ने अपनी आगामी योजनाओं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता जताई। इस आयोजन को सफल बनाने में मोहतरा यूथ क्लब के दस सदस्यों गोपाल, नोवेल, सिया, रुचि, किशना, शिवरात्रि, पूनम, ईश्वर, गजानंद और जगेश्वर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन सभी के समर्पण और उत्साह ने इस आयोजन को यादगार और प्रभावशाली बनाया। यह आयोजन न केवल सफल रहा, बल्कि समाज में नई ऊर्जा और बदलाव की भावना भी लेकर आया। मोहतरा यूथ क्लब भविष्य में भी इसी जोश और समर्पण के साथ समाज हित में कार्य करता रहेगा।



## लीनेस क्लब सक्ती ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**सक्ती।** लीनेस क्लब्स सक्ती द्वारा 8 मार्चा को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। लीनेस अध्यक्ष अल्का कंवर के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के अनुसार स्वच्छता दीदीयो का सम्मान माला पहनाकर, उपहार देकर एवं मिठाई खिलाकर किया गया। सेवा कार्य में अग्रणी आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा सक्ती की अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट के अनुसार स्वच्छता दीदीयो का सम्मान माला पहनाकर उपहार दे मिठाई खिलाकर 8मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सब एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दे मनाया इस अवसर पर लीनेस शालू पाहवा,लीनेस अनीता सिंह, लीनेस विजया जायसवाल,रीता राज , ललिता साहु, मंजू जायसवाल,मीरा देवांगन, भगवती देवांगन, गोपी जायसवाल,सुमन सिंह,उपास्थित रहे।

## हर मुश्किलों को पार कर सभी जिम्मेदारियां को निभाती हैं महिलाएं

**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय एवं श्री ऋषभ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाहिल के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. श्रेया दीक्षित थीं। अध्यक्षता डॉ. जे.के. जैन ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव अंकित जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. श्रेया दीक्षित ने कहा कि हम सभी के जीवन में कोई न कोई महिला खास होती है। एक महिला मां, बहन, बेटी, पत्नी या दोस्त के रूप में आपके जीवन में अहम भूमिका निभाती है। ऐसे में यह दिन एक अच्छा मौका है, उनके समर्पण और प्यार के प्रति आभार व्यक्त करने का। डॉ.जे.के. जैन ने कहा कि दुनिया भर में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। हर वर्ष महिलाओं के अधिकारों के प्रति 08 मार्च को जागरूकता फैलाने और समाज में उन्हें सामान्य का अधिकार दिलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह दिन उनकी मेहनत, समर्पण, संघर्ष और सम्मान का प्रतीक है। एक महिला को अपने जीवन में कई सारे उतार-चढ़ावों से गुजरना पड़ता है बावजूद इसके हर मुश्किलों को पार कर वह अपनी सभी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाती हैं। सचिव अंकित जैन ने महाविद्यालय के छात्राओं एवं महिला शिक्षकों को उनकी उपलब्धियों पर सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ.राकेश सोनी, डॉ प्रतिमा रानी द्विवेदी, संतोष कुमार घ्रुव, श्वेता सिंह चंदेल, दुर्गा टंडन, अनुज जैन, कमलकांत साहू, साक्षी ओयाम, नवीन आदित्य, संध्या सिंह, रश्मि मरकाम, पायल दास, पल्लवी साहू, पूनम साहू, प्रभात कश्यप, अशोक पाण्डेय, मनीष गंधर्व, सुनिता पाण्डेय, नीरज निर्मलकर, बृजनंदन पटेल, आकाश दास, द्वासराम कश्यप उपस्थित थे।

■ श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।

## महिलाओं को किया गया सम्मानित



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के अटल समरसता भवन में ग्राम पंचायत गोधना के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अजय साहू ने की । वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं वंदन करके किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात गांव के सभी महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य गणों का श्रीफल एवं तिलक वंदन कर सम्मानित किया गया । अपने उद्बोधन में अजय साहू ने कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और देश के गौरवशाली पदों पर भी आसीन हैं । नारी शक्ति के बारे में बताते हुए अजय साहू ने कहा कि आज हमारे देश का प्रथम नागरिक भी एक महिला ही है जो की महिलाओं के लिए प्रेरणा की स्रोत बनी हुई है। उन्होंने गांव में शराब बंद , हर घर नल जल एवं पेंशन जैसे अनिवार्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही । कार्यक्रम में भागवत साहू, गणेश राम साहू, परमेश साहू, हरीश धीवर ,मनीराम साहू, महिला पंचगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली युवतियों का सम्मान



**अकलतरा।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली युवतियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता ईशु मनक्सा के मुख्य आतिथ्य , डॉ. डाली साहू की अध्यक्षता एवं मिस छत्तीसगढ़ पूजा टांडेकर व कंपनी सेक्रेट्री कुमारी आंचल अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रविंद्र सिंह बैस के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के प्रासंगिकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित समस्त अतिथियों के द्वारा जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सतत परिश्रम करने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में निश्चित रूप से कठिनाइयां आती हैं लेकिन उन कठिनाइयों से हमें विचलित ना हो करके उन कठिनाइयों को हमें एक चुनौती के रूप में स्वीकार कर अपने मनोबल से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंबिका कंवर तथा आभार प्रदर्शन धनाराम राय ने किया। इस अवसर पर श्रीमती सुमन मनक्सा, हर्ष अग्रवाल सहित छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

# आज की महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़ रहीं आगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तिवारी पारा खरौद सेंटर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पार्षद श्रीमती रीका यादव, पार्षद श्रीमती दीपशिखा यादव, पार्षद एवं समाज सेविका नीलम यादव, पार्षद श्रीमती प्रमिला यादव, स्व सहायता महिला समूह के अध्यक्ष श्रीमती सीमा गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती चंद्रवती सोनी ,मितानिन दीदी के कार्यकर्ता श्रीमती निर्मला साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी ने मोमबत्ती एवं दीप प्रज्वलन कर आरंभ किया। बी.के. धनेश्वरी बहन, बी.के. चंद्रकांता बहन के द्वारा अतिथियों को तिलक, रिबन, बैच, पुष्प गुच्छ एवं पगड़ी पहनकर स्वागत किया। बी.के. सरोज बहन के द्वारा सभी महिलाओं का स्वागत कर तिलक दिया गया। बी.के. खिलेश्वरी बहन के द्वारा मंच संचालन किया गया। स्व सहायता महिला समूह के अध्यक्ष सीमा गुप्ता ने आज के नारी के ऊपर अपने विचार दिए । उनकी स्थिति कितनी गंभीर और सोचनीय है इसे सुधारने का प्रयास करना चाहिए। पार्षद एवं समाज सेविका नीलम यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहले की नारी वीरांगना अपने देश के लिए मर मिटने को तैयार रहती थी जैसे झांसी की रानी, रानी दुर्गावती आदि और आज की महिलाएं ऊंचाइयों तक पहुंच रही है ,हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। खरौद सेंटर की मुख्य संचालीका ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि आज परिवार में खुशहाली रहे ,सुख शांति रहे तो इसके लिए हम अपने आध्यात्मिक शक्ति को अपने जीवन में अपनाएं और उससे हम अपने आप को पहचान करके अपने आंतरिक शक्तियों को जानकर देश के लिए कोई न कोई हम श्रेष्ठ कार्य करें। आज एक ब्रह्माकुमारी संस्था एकमात्र ऐसी संस्था है जिसका संचालन ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा होता है। उस निराकार शिव पिता परमात्मा ने यह ज्ञान कलश माताओ और बहनों के सिर के ऊपर रखा है। परमात्म संदेश देते हुए आत्म अनुभूति कराया गया। कुसुम दीदी ने होली पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए सभी महिलाओं को गुलाल का तिलक लगाकर फूलों से होली खेली गई।



कैंडल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़,**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
Email:tahsilofficepamgarh@gmail.com
रा.प्र.क्र. 202501063100146/ब121/ 2025
ग्राम... ग्राम ससहा, प.ह.न.07

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा ग्राम ससहा आवेदकगण अमृतलाल एवं अन्य 10 सभी जाति केंवट साकिन ससहा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम ससहा में छ.ग. शासन की स्थित भूमि खसरा नंबर 11/1 पूर्व में खसरा नंबर 11 को राहत कार्य के अंतर्गत वर्ष 1969 में शासन द्वारा नीलामी किया गया था जिसमें से रकबा 3.77 एकड़ भूमि को नीलामी राशि 9010/- नौ हजार दस रूपये जमा कर आवेदकगण क्रमांक 01 से 09 के पिता मलेछराम एवं आवेदकगण क्रमांक 10 व 11 द्वारा खरीदा है। उक्त नीलामी से खरीदी गई भूमि के भूमि स्वामी का पट्टा हेतु वर्ष 1988-89 में मलेछराम, कलेशराम, उमेंदराम पिता फुल सिंह द्वारा माननीय न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ में आवेदन किया गया जिसे रा.प्र.क्र.15/अ-19/1987-88 दर्ज कर आदेश पारित दिनांक 24.05.1989 में भूमि स्वामी हक का पट्टा दिया गया। ग्राम ससहा में स्थित भूमि खसरा नंबर 11/1 में से रकबा 3.77 एकड़ भूमि को आवेदकगण के नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त आवेदन द्वारा पेष नामांतरण आवेदन पर हित रखने वाले जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/उजर/दावा होतो वह अपना आपत्ति/उजर /दावा मेरे न्यायालय में दिनांक 18/03/25 को कार्यलयीन समय में स्वतः या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर पेष कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति/उजर/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर के साथ पारित किया गया है।

**तहसीलदार पामगढ**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व सॉंस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, सॉंस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बॉंझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

10-Mar- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/10/2025 7:32 PM Page 1





# दो पार्ट में रिलीज होगी नानी की 'द पैराडाइज

**मुंबई।** साउथ अभिनेता नानी इन दिनों अपनी फिल्म 'द पैराडाइज' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। माना जा रहा है कि यह फिल्म नानी की अब तक की सबसे बड़ी और महंगी फिल्म होगी। फिल्म को लेकर अब एक ताजा जानकारी सामने आई है कि 'द पैराडाइज' दो भागों में रिलीज की जाएगी, जिसे सुनने के बाद नानी के प्रशंसक 'द पैराडाइज' को लेकर बेहद खुश और उत्साहित हैं। 'द पैराडाइज' को श्रीकांत ओडेला निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म की पहली झलक ने ही प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता पैदा कर दी है। फिल्म के पोस्ट में नानी का लुक अभी तक की उनकी सभी फिल्मों से बिल्कुल अलग नजर आया।

**लाइफ Style**



# सामंथा

## सभी कलाकारों को दिया जाएगा समान वेतन

अभिनेत्री से निर्माता बनीं सामंथा रुथ प्रभु ने अपने प्रोडक्शन हाउस में सभी कलाकारों को लेकर एक ऐसा फैसला किया है, जिसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। इन दिनों अभिनेता-अभिनेत्रियों के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर बनने का सिलसिला लगातार जारी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले कुछ वक्त में कई कलाकारों ने अपने प्रोडक्शन हाउस खोले हैं। इन्हीं में से एक हैं साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु, जिन्होंने 2023 में ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स के नाम से अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया था। इसके बारे में अभिनेत्री का कहना था कि यह नए दौर के विचारों और अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करने वाली फिल्मों का निर्माण करेगा। अब तेलुगु फिल्म निर्देशक और लेखिका नंदिनी रेड्डी तीसरी बार सामंथा के साथ काम करने जा रही हैं। इस दौरान निर्देशक ने सामंथा के एक साहसिक फैसले के बारे में भी खुलासा किया। बेंगलुरू अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में महिलाओं पर एक पैनल चर्चा के दौरान निर्देशक नंदिनी रेड्डी ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि हां, मैं अपनी अगली फिल्म में सामंथा के साथ काम कर रही हूं। चर्चा के दौरान नंदिनी ने सिनेमा में लैंगिक आधार पर वेतन में अंतर पर बात करते हुए सामंथा द्वारा उठाए गए एक साहसिक कदम के बारे बताया कि सामंथा ने यह तय किया है कि उनके प्रोडक्शन हाउस ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स के तहत उनके पहले प्रोडक्शन 'बंगाराम' में काम करने वाले सभी लोगों को समान वेतन मिले। सामंथा 'बंगाराम' में भी मुख्य भूमिका भी निभा रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# मार्टिन के साथ की गाने की रिहर्सल

**मुंबई।** बॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर अरिजीत सिंह की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनके गाने रिलीज होते ही फैंस के बीच वायरल हो जाते हैं और उनकी सादगी के तो सभी वैसे ही कायल हैं। अरिजीत एक बार फिर चर्चा में हैं। उनकी वर्ल्ड फेमस डीजे मार्टिन गैरिक्स के साथ एक फोटो वायरल हुई है। ये तस्वीर देखकर फैंस का दिल जोरों से धड़क उठा है, क्योंकि सभी अनुमान लगा रहे हैं कि वे साथ में काम करने वाले हैं। इसका बीटीएस वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो गाने के लिए रिकॉर्डिंग और रिहर्सल कर रहे हैं।



# 21 मार्च को रिलीज होगी 'स्नो व्हाइट'

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी की अपकमिंग फिल्म 'स्नो व्हाइट' 21 मार्च को अंग्रेजी, हिंदी में रिलीज होगी। 'स्नो व्हाइट'की कहानी को पश्चिमी देशों के दर्शक जितना पसंद करते हैं, उतना ही पसंद इसे भारत में भी किया जाता है। इस कहानी पर बनी फिल्मों को भारतीय दर्शक भी चाव देखते हैं। फिल्म 'स्नो व्हाइट' एक लोककथा है जिस पर वर्षों से एनिमेटेड कॉर्टून, फिल्में बनती रही हैं। इसमें स्नो व्हाइट के रोल में रेचल जेलगर हैं। वहीं ,गैल गैडोट एक बुरी रानी का रोल कर रही हैं। हाल ही में इस फिल्म की कुछ झलकियां डिज्नी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा की। फिल्म 'स्नो व्हाइट' की कहानी की बात की जाए तो इसमें अधिक बदलाव नहीं है। बस ट्रीटमेंट थोड़ा सा बदला गया है। फिल्म की कहानी में स्नो व्हाइट की सौतेली मां है, जो दुनिया की सबसे सुंदर औरत बने रहना चाहती है।



# 'कोई लड़का है' गाने पर बेहतरीन डांस...

**मुंबई।** शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित ने 'दिल तो पागल है' फिल्म के गाने 'कोई लड़का है' पर बेहतरीन डांस किया है। इससे 90 के दशक फैंस बहुत खुश हो गए हैं। इन लोगों के आईफा 2025 के स्टेज पर डांस किया है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रविवार को माधुरी दीक्षित ने आईफा 2025 के स्टेज पर परफार्म किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान ने काले कपड़े पहने हैं। माधुरी दीक्षित ने काला सफेद कपड़ा पहना है। उन्होंने 'कोई लड़की है' गाने पर बेहतरीन डांस किया है। दोनों ने उसी तरह से डांस करने की कोशिश की है जैसे उन्होंने असली गाने में किया है। बैकग्राउंड में बच्चे हैं। इन लोगों ने पीले कपड़े पहने हैं। ये लोग भी शाहरुख और माधुरी का साथ दे रहे हैं। यह लोग परफॉर्मेंस को और बेहतर बना रहे हैं।



# आराध्या ने किया 'बी हैप्पी' के लिए प्रेरित...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन जल्द ही अपनी नई फिल्म 'बी हैप्पी' में नजर आने वाले हैं। अभिनेता 14 मार्च को रिलीज होने वाली इस फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। पिता-बेटी के बीच के रिश्ते को दिखाती इस फिल्म को लेकर एक्टर का कहना है कि उनकी बेटी आराध्या के साथ पिता के रूप में उनके अनुभवों ने उन्हें इस फिल्म में काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'मैंने इस प्रोजेक्ट को पिता-बेटी के रिश्ते पर इसके अनूठे फोकस के लिए चुना है। ये एक ऐसा पहलू है जिसे हिंदी सिनेमा में कम दिखाया गया है। अगर आप अपने जीवन में किसी भावना का अनुभव कर सकते हैं, तो फिल्म में वैसा किरदार निभाना बहुत आसान हो जाता है।' 'बी हैप्पी'एक परिवार में मां के चले जाने के बाद जीवन में आने वाली कठिनाइयों को दिखाती है।

## टीवी मसाला



गौरव

# अनुपमा फेम गौरव खन्ना ने जीता मास्टर शेफ...

**नई दिल्ली।** मास्टर शेफ के मेकर्स ने जब शो में सेलेब्रिटीज वाला तड़का लगाया तो टीआरपी का ग्राफ ऊपर जाता चला गया। फराह खान होस्टेड यह शो बीते कई हफ्तों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और अब हर कोई यह जानने को बेताब है कि फिनाले एपिसोड में किसने बाजी मारी? तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली, गौरव खन्ना और मिस्टर फैजू ने टॉप 5 में जगह बनाई है और अब इंडिया फोरम ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया है कि गौरव खन्ना ने इस कॉम्पटिशन का फाइनल राउंड जीतकर ट्रॉफी और प्राइज मनी दोनों अपने नाम कर ली हैं। अनुपमा सीरियल में लंबे वक्त तक गौरव खन्ना ने अनुज कपाड़िया का किरदार निभाया था, जिसे काफी पसंद किया गया। गौरव की फैन फॉलोइंग का आलम यह था कि उनके शो छोड़ते ही इसकी टीआरपी का ग्राफ तेजी से नीचे आ गया था। लेकिन क्या गौरव खन्ना ने वाकई सेलेब्रिटी मास्टर शेफ का पहला सीजन जीत लिया है? इस सवाल का जवाब तो दर्शकों को एपिसोड की टेलिकास्ट के बाद ही मिलेगा। शुरू में गौरव कॉम्पटिशन में किसी तरह हाथ-पैर मारकर अपनी जगह बनाते नजर आए थे, लेकिन फिर शेफ रणवीर ब्रार की सीख पर चलते हुए उन्होंने शो में तगड़ा कमबैक किया। गौरव खन्ना ने शो में रणवीर ब्रार की सिगनेचर डिश को सबसे कमाल तरीके से कॉपी करके दिखाया था जिससे सभी शेफ उनसे इम्प्रेस हो गए थे।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में ग्लैमर का तड़का लगाने आ रही है मल्लिका शेरावत...

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में हिस्सा लेने को लेकर एक बड़ा नाम सामने आ रहा है। रोहित के शो में अपने ग्लैमर का




तड़का लगाने आ रही हैं बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बनने के लिए मल्लिका शेरावत को अप्रोच किया गया है। हालांकि, अभी तक मेकर्स और मल्लिका शेरावत की तरफ से इस बात की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आया है। लेकिन अगर वो शो का हिस्सा बनती हैं तो बाकी कंटेस्टेंट के पसीने जरूर छूटने वाले हैं। वहीं, दूसरी तरफ बिग बॉस 18 फेम ईशा सिंह के नाम को इस शो के लिए कंफर्म बताया जा रहा है। बीते कुछ समय से उनका नाम रोहित शेट्टी के शो से जुड़ रहा है।

# सिनेमा की दुनिया का एक सनकी निर्देशक

*के. आसिफ ने 80 के दशक में खर्च किए डेढ़ करोड़ रुपए, मधुबाला की एक हंसी पर सात दिनों तक चलाई शूटिंग*

**नई दिल्ली।** के. आसिफ ने अपने 49 साल के छोट से कॅरियर में सिर्फ दो फिल्मों का निर्देशन किया और दर्शकों की नजर में छा गए। 'मुगल-ए-आजम' फिल्म बनाने को लेकर कई किस्से हैं। जब दिलीप कुमार ने सच में मधुबाला को जड़ दिया था थप्पड़, फिर भी चलती रही फिल्म की शूटिंग। 14 जून 1922 में जन्में के आसिफ, जिनका पूरा नाम करीमुद्दीन आसिफ था। इन्होंने अपने पूरे करियर में सिर्फ दो फिल्में बनाई थी, जिसमें 'मुगल-ए-आजम' और 'फूल' शामिल है। 9 मार्च 1971 को के.आसिफ ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। निर्देशक ने 'मुगल-ए-आजम' फिल्म को बनाने में किसी भी चीज से समझौता नहीं किया था, यही कारण रहा कि फिल्म को बनाने में निर्देशक ने 14 साल का लंबा समय ले लिया था। फिल्म को लेकर के आसिफ के अंदर एक अलग ही सनक और जूनून सवार था। इतिहास में पहली बार किसी फिल्म में असली सेना का प्रयोग किया गया था, जिसका इंतजाम भारत सरकार द्वारा किया गया था। इस सीन की शूटिंग देखने खुद तत्कालीन रक्षा मंत्री आए थे। यही नहीं, असली इत्रों की खूशबू वाले तालाब के लिए किया था तीन दिन इंतजार।



***क्यों कहा जाता था के. आसिफ को सनकी डायरेक्टर :*** दिलीप कुमार और मधुबाला अभिनीत फिल्म 'मुगल-ए-आजम' साल 1980 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बनाने में उस दौर में 1.5 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इस फिल्म के निर्देशक के आसिफ को शूटिंग के दौरान सभी सीन्स में परफेक्शन चाहिए था। निर्देशक थोड़ा जिद्दी स्वभाव के थे, एकबार तो मधुबाला को एक सीन में लाचारी के भाव लाने थे, लेकिन एक्ट्रेस बार-बार हंस पड़ती थी। इस वजह से के आसिफ फिल्म की शूटिंग का पैकअप करवा देत थे और यही नहीं इस सीन की शूटिंग 7 दिनों तक चली थी। एक सीन के लिए निर्देशक ने नकली मोतियों की जगह असली मोतियों के लिए किया लंबा इंतजार।

***बिजली के खंबे के कारण कई दिनों तक रोक दी शूटिंग :*** फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में निर्देशक को एक सीन में सलीम यानी दिलीप कुमार को घर जाते दिखाना था। इस सीन के दौरान मुख्य द्वार पर बिजली का खंभा था, जिसे प्रशासन ने कई दिनों तक नहीं हटाया था। इस कारण से के आसिफ ने फिल्म की शूटिंग कई दिनों तक रोक दी थी।

# कैलेंडर हो या चंदा मामा, फैंस की यादों में आज भी जिंदा हैं सतीश कौशिक के ये 10 किरदार...

**नई दिल्ली।** दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक बॉलीवुड के उन कलाकारों में से हैं, जो अपने किरदारों के माध्यम से हर दिल अजीज हो गए। उनके किरदारों की छाप आज भी लोगों के दिलो-दिमाग में है। सतीश कौशिक ने 9 मार्च 2023 में इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इस अवसर पर हम जानेंगे उनके दस यादगार किरदारों के बारे में।

**कैलेंडर :** साल 1987 में आई फिल्म 'मिस्टर इंडिया' में सतीश कौशिक ने 'कैलेंडर' का यादगार किरदार निभाया था। उनके इस किरदार ने उन्हें लोगों के दिल में बसा दिया और वह घर-घर मशहूर हो गए।

**पप्पू पेजर :** साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'दीवाना मस्ताना' मे गोविंदा, अनिल कपूर और जूही चावला के साथ सतीश कौशिक नजर आए। इस फिल्म में उन्होंने पप्पू पेजर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके बोले गए डायलॉग काफी मजेदार थे।

**चंदा मामा :** अक्षय कुमार की 'मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी' में सतीश ने 'चंदा मामा' का किरदार निभाया था। इस फिल्म में वह ज्योतिष के किरदार में आए हैं। फिल्म में उनके कई सारे यादगार और मजेदार डायलॉग थे।



**मुत्थू स्वामी :** गोविंदा के साथ फिल्म 'साजन चले ससुराल' में सतीश गोविंदा के साथी 'मुत्थू स्वामी' के किरदार में दिखें। इस फिल्म में वह एक साउथ इंडियन सिंगर के लुक में नजर आए। उनकी कॉमेडी और लुक की बदौलत यह किरदार हमेशा के लिए लोगों के बीच फेमस हो गया।

**हैप्पी हरपाल सिंह :** बड़े पर्दे पर सतीश कौशिक और गोविंदा की जोड़ी खूब जमी है। फिल्म 'परदेसी बाबू' में सतीश एक बार फिर गोविंदा के साथ नजर आए। इस फिल्म में उन्होंने 'हैप्पी हरपाल सिंह' का किरदार निभाया है। उनके इस अतरंगी और मजेदार किरदार को भुलाया नहीं जा सकता।

***काशीराम :*** *फिल्म 'राम लखन' में भी सतीश कौशिक ने अपने अभिनय से अमिट छाप छोड़ी है। इस फिल्म में उन्होंने अभिनेता अनुपम खेर के साथ गजब का काम किया। फिल्म से उनका डायलॉग 'काशीराम, जय-जय राम' आज भी लोगों को याद है।*

***शराफत अली :*** *सतीश कौशिक ने फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में अमिताभ और गोविंदा के साथ अपनी जोड़ी बनाई। फिल्म में उन्होंने शराफत अली का किरदार निभाया। दोनों सुपरस्टार्स को उन्होंने कड़ी टक्कर दी। इस फिल्म का डायलॉग 'कसम उड़ान छ्ल्ले की' काफी फेमस हुआ था।*

***कुंज बिहारी लाल :*** *फिल्म 'हसीना मान जाएगी' में अभिनेता 'कुंज बिहारी लाल' के किरदार में नजर आएं। अपनी कॉमिक टाइमिंग से उन्होंने दर्शकों को खूब गुदगुदाया। फिल्म में गोविंदा, संजय दत्त और कादर खान जैसे दिग्गज अभिनेता भी थे।*

***शादीलाल :*** *गोविंदा की फिल्म 'राजाजी' में सतीश कौशिक ने 'शादीलाल' की भूमिका से महफिल लूटी। कई सीन में तो वह गोविंदा के ऊपर भी भारी पड़े।*

***मनु मुंद्रा :*** *अभिनेता सतीश कौशिक ने ना सिर्फ फिल्मों में बल्कि वेब सीरीज में भी अभिनय का लोहा मनवाया है। वह 'स्कैम 1992' में 'मनु मुंद्रा' के गंभीर रोल में भी नजर आए। उनके इस किरदार को भी काफी पसंद किया गया।*

# अमर सिंह चमकीला और पंचायत का आईफा में दबदबा

***नई दिल्ली।*** *जयपुर में आयोजित 25वें आईफा अवाड्र्स में बॉलीवुड सितारों का मेला लगा है। इस वर्ष आईफा अपनी सिल्वर जुबली भी मना रहा है। शनिवार की रात डिजिटल अवाड्र्स सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान कई विजेताओं की घोषणा की गई और उन्हें पुरस्कार दिए गए। इस समारोह में 'अमर सिंह चमकीला' और वेब सीरीज 'पंचायत'को सबसे ज्यादा पुरस्कार मिले।*

**बेस्ट फिल्म :** 'अमर सिंह चमकीला'को बेस्ट फिल्म के अवार्ड से नवाजा गया। पंजाबी गायक पर आधारित बायोपिक में दिलजीत दोसांझ ने अभिनय किया है।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (मेल) :** अभिनेता विक्रांत मैसी को नेटफ्लिक्स की फिल्म 'सेक्टर 36' के लिए बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (मेल)का पुरस्कार मिला ।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (फीमेल) :** कृति सेनन को नेटफ्लिक्स की मिस्ट्री थ्रिलर 'दो पत्ती' के लिए बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (फीमेल) का अवॉर्ड मिला।

**बेस्ट डायरेक्टर :** 'अमर सिंह चमकीला'के लिए ही इसके निर्देशक इम्तियाज अली को बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार मिला।

**बेस्ट स्टोरी (ओरिजिनल) :** कनिका ढिल्लन ने 'दो पत्ती'के लिए सर्वश्रेष्ठ कहानी (ओरिजिनल) का पुरस्कार जीता।

**बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल) :** सेक्टर 36' के लिए ही विक्रांत मैसी के को-स्टार दीपक डोबरियाल ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल)का अवॉर्ड अपने नाम किया।

**बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (फीमेल) :** बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (फीमेल) का अवॉर्ड अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका को 'बर्लिन' में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया।

## वेब सीरीज सेगमेंट में किसे क्या मिला

**बेस्ट सीरीज अवार्ड :** वेब सीरीज सेगमेंट में 'पंचायत 3' को बेस्ट सीरीज का अवार्ड मिला।



**बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (मेल) :** अभिनेता जितेंद्र कुमार ने बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (मेल) का पुरस्कार अपने नाम कर लिया।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (फीमेल) :** 'बंदिश बैंडिट्स' के सीजन 2 के लिए अभिनेत्री 'श्रेया चौधरी' को बेस्ट परफॉर्मेंस इन लीडिंग रोल (फीमेल) के लिए पुरस्कार मिला।

**बेस्ट डायरेक्टर :** 'पंचायत 3' के लिए ही दीपक कुमार मिश्रा ने बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार झटका है।

**बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल) :** 'पंचायत' में प्रहलाद चा की भूमिका निभाने वाले फैसल मलिक को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर (मेल)कैटेगरी में सम्मानित किया गया है।

**बेस्ट परफॉर्मेंस इन सपोर्टिंग रोल (फीमेल) :** अभिनेत्री संजीदा शेख को संजय लीला भंसाली की पहली ओटीटी सीरीज 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' में उनके प्रदर्शन के लिए बेस्ट परफॉर्मेंस इन सपोर्टिंग रोल (फीमेल) से सम्मानित किया गया।

**बेस्ट स्टोरी (ओरिजिनल) :** सीरीज सेगमेंट में बेस्ट स्टोरी (ओरिजिनल) का पुरस्कार 'कोटा फैक्टरी' सीजन 3' को मिला।

**बेस्ट रियलीटी शो :** बेस्ट रियलीटी शो का पुरस्कार 'फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स' को मिला है।

**बेस्ट डॉक्यूसीरीज :** बेस्ट डॉक्यूसीरीज का अवॉर्ड 'यो यो हनी सिंहः फेमस' ने हासिल किया है।

**बेस्ट टाइटल ट्रैक :** बेस्ट टाइटल ट्रैक का अवॉर्ड संगीतकार अनुराग सैकिया को 'मिसमैच्ड' के 'इश्क है' के लिए मिला।

## खबर संक्षेप

### शिक्षाश्री सम्मान से संयोगिता सम्मानित



**बेल्हाडीह-जेठा।** शिक्षक कला एवं साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ का वार्षिक सम्मेलन शिकसा महोत्सव दुर्ग में 9 मार्च रविवार को भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ शिवनारायण देवांगन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, अध्यक्षता गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर, विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, अल्का बाघमार महापौर नगर निगम दुर्ग एवं जागेश्वरी मेश्राम छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री तथा शिक्षक कला एवं साहित्य अकादमी के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में संयोगिता रात्रे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सिरली विकास खण्ड जैजैपुर जिला सक्ती छत्तीसगढ़ को उनके शिक्षकीय कार्य क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु शिक्षा श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। अतिथि के द्वारा शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र, एवं मेमोटो से नवाजा गया इस अवसर पर सभी परिवार जन एवं सभी चाहने वाले ने हर्ष व्यक्त किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### बच्चों को स्टेशनरी किट का किया गया वितरण



**चांपा।** कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों को बीबी फातिमा वेलफेयर फाउंडेशन जांजगीर चांपा के द्वारा बच्चों को स्टेशनरी किट प्रदान किया गया तथा बच्चों को भय मुक्त वातावरण में परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया। बालिका शिक्षा के लिए समर्पित बीबी फातिमा वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा बच्चों को परीक्षा में भयभीत होकर नहीं बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। अक्सर देखा जाता है कि यदि किसी विषय का पेपर कठिन आ जाता है तो घबराहट की वजह से बच्चों का पेपर बिगड़ जाता है और बच्चे डर की वजह से कुछ गलत निर्णय ले लेते हैं इसलिए बच्चों की परीक्षा से पहले काउंसलिंग बहुत ज्यादा जरूरी होती है समूह के द्वारा इस प्रकार के काउंसलिंग कार्यक्रम का समाज के लोगों ने स्वागत किया है। मुस्लिम समाज के लोग बीबी फातिमा वेलफेयर फाउण्डेशन के द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों से बहुत प्रभावित हैं।

## निधन

### प्यारे लाल साहू

**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम रानीगांव (बेल्हाडीह) के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. हरि राम साहू के पुत्र प्यारे



लाल साहू का 55 वर्ष की आयु में 9 मार्च रविवार की रात्रि 10 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम रानीगांव (बेल्हाडीह )में स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### दिलहरण कश्यप



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के प्रतिष्ठित नागरिक दिलहरण कश्यप का आकस्मिक निधन रविवार 2 मार्च को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार नैया तालाब स्थित मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि उनके मंझले पुत्र प्रदीप कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### वन्यजीव संरक्षण के प्रति आम लोगों में जागरूकता विकसित करने कार्यक्रम

# मगरमच्छ संरक्षण के लिए एक मंच पर दिखे जनप्रतिनिधि, अधिकारी व विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वन्यजीव संरक्षण के प्रति आम लोगों में जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से कोटमीसोनार स्थित क्रोकोडायल पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मगरमच्छ संरक्षण के लिए जनप्रतिनिध, अधिकारी एवं विद्यार्थी एक मंच पर दिखे।

ग्राम कोटमी सोनार मगरमच्छ पार्क मगरमच्छों के संरक्षण के लिए समर्पित बहुत कम रिजर्व में से एक है। जांजगीर चांपा वन विभाग ने नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी और अगोरा इकोटूरिज्म के साथ मिलकर 'मगर मोजेक' कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण के प्रति आम लोगों में जागरूकता विकसित करना था। यह कार्यक्रम इन विशालकाय सरीसृपों के संरक्षण को समझने और समुदाय संचालित दृष्टिकोण अपनाने के लिए अनुसंधान विद्वानों, वैज्ञानिकों, समुदाय संरक्षणवादियों और प्रशासन को एक साझा मंच पर लाता है। इस दिन भर चलने वाले कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।

समूह बनाकर विशेषज्ञों के साथ मगरमच्छों के व्यवहार और पारिस्थितिकी को समझा। छात्रों ने मगरमच्छों को किनारों पर धूप सेंकते, तैरते और एक-दूसरे का पीछा करते हुए पाया। विशेषज्ञों ने उन्हें ऐसे प्रत्येक व्यवहार के बारे में समझाया। छात्रों ने मगरमच्छों की निगरानी में ड्रोन के उपयोग को भी पाया। फिर शाम को छात्रों ने पुरातत्त्व विभाग से सेवानिवृत्त राहुल सिंह को सुना। छत्तीसगढ़ पुरातत्व विभाग के अधिकारी ने कोटमी सोनार और मगरमच्छ पार्क की अद्भुत कहानी सुनी। जांजगीर चांपा की डीएफओ प्रियंका पांडे ने छात्रों को मानव वन्यजीव संघर्ष के बारे में बताया और बताया कि कैसे कोटमी सोनार पार्क मगरमच्छ संघर्ष को संबोधित करने और छत्तीसगढ़ में बचाव केंद्र के रूप में कार्य करने में सफल रहा। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से मगरमच्छ संरक्षण में अपनी एक अलग पहचान दिलाने में कामयाब होगी, इस कार्यक्रम में इस बात को जोर दिया गया कि परंपरागत विचारधारा को अपना कर इको एवं परंपरागत तरीके से दोना पत्तल में भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में सौरभ सिंह पूर्व विधायक मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए। इस कार्यक्रम में केशव चंद्रा पूर्व विधायक, सनत देवांगन, रामाकांत साहू, डीएफओ श्रीमती प्रियंका पाण्डेय, ओमप्रकाश श्रीवास (मंडल अध्यक्ष), श्रीमती उर्मिला बंजारे, श्रीमती रमा मिरी, दिनेश सिंह ठाकुर (पूर्व विधान सभा प्रतिनिधि), कृष्ण कुमार सखा, मनोज मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, एसडीओ एच सी शर्मा, एसडीओ विपुल अग्रवाल, अगोरा ट्यूरिज्म (सीईओ) भागेश दुबे, अगोरा ट्यूरिज्म (डायरेक्टर ) आलोक साहू, जितेंद्र सारथी, मयंक बागची, किशन चंद्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।



शांति समिति की बैठक में चर्चा करते पुलिस अधिकारीव नगरवासी।

## तीन सवारी व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण पूर्ण वातावरण में होली त्यौहार मनाने का लिया गया निर्णय

होली त्योहार के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पामगढ़ थाना क्षेत्र के सम्बंधित जनप्रतिनिधियों की एक आवश्यक बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार महेंद्र लहरे ,थाना प्रभारी मनोहर लाल सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में 14 मार्च को होने वाले होली पर आयोजित कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से आपसी सामंजस्य से सफल बनाने हेतु आवश्यक चर्चा की गई। चर्चा में उपस्थित अधिकारियों ने त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के शांति पूर्वक सम्पन्न होने पर सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई दी ।उन्होंने तीन सवारी वाहन चलाने एवं शराब पी कर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करने की बात कही, वही अवैध शराब बिक्री की सूचना देने सभी उपस्थित सरपंचो से अपील की ।उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी बातें रखते हुए वाहनों की स्पीड पर कार्यवाही के साथ-साथ आपसी सामंजस्य के साथ सौहार्दपूर्ण पूर्ण वातावरण में होली त्यौहार मनाने का निर्णय लिया । इस अवसर पर लव तिवारी, दिनेश थवाईत,अजय दिव्य,सरपंच घासीराम चौहान,हेतराम बर्मन, संजय सिंह,जवाहर यादव,अग्नि सिंह,आरिफ खान, शनि सूर्यवंशी, त्रिशंकु साहू, त्रिलोकी कांत, जफर अली,मोहम्मद खान,राम यादव,सुखसागर ओगरे, सागर जांगडे, आकाश सिंह,उत्तरा साहू सहित थाना स्टाफ एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## डॉक्टर की मानद उपाधि से सम्मानित हुए महंत



**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में निःशुल्क शिक्षा और समाज सेवा हेतु डॉक्टर के मानद उपाधि से टी के महंत सम्मानित हुए। विश्व संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण आयोग(वर्ल्ड कल्चर एंड एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन कमीशन) द्वारा प्रधानमंत्री संग्रहालय के नेहरू ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपने योगदान देने वाले देश के महान हस्तियों को इस कार्यक्रम में डॉक्टर की मानद उपाधि, भारतीय गौरव अलंकार सहित अनेकों पुरस्कार से प्रतिभा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड कर्नल और वीर चक्र विजेता तेजेंद्र त्यागी , आईपीएस रश्मि, महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी महराज, कैबिनेट मिनिस्टर दिल्ली डॉक्टर पंकज कुमार, हॉलीवुड एक्ट्रेस एलिना, भारतीय एक्टर टीवी कॉमेडियन राकेश बेदी ने उन्हें मानद की उपाधि प्रदान किया।

## जोन स्तरीय प्रतियोगिता में जांजगीर डाइट को द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डाइट पेन्ड्रा में आयोजित जोन स्तरीय इंटर डाइट प्रतियोगिता में 20 पुरस्कार के साथ जांजगीर डाइट को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 6 से 8 मार्च तक कुल जांजगीर डाइट के अलावा क्रमशः पेन्ड्रा धरमजयगढ़, कोरबा

- विभिन्न विधाओं में आयोजित प्रतियोगिता में डाइट जांजगीर के छात्राध्यापकों ने उत्कृष्ट प्रर्दशन

अम्बिकापुर जशपुर कोरिया एवं बीटीआई बिलासपुर कुल 8 टीमों के मध्य विभिन्न विधाओं में आयोजित प्रतियोगिता में डाइट जांजगीर के छात्राध्यापकों ने उत्कृष्ट प्रर्दशन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य बी.पी.साहू ने उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की एवं उप प्राचार्य एल.के. पाण्डेय ने कहा कि पहली बार डाइट जांजगीर ने 20 पुरस्कार जीतकर कीर्तिमान बनाया है। डाइट पेन्ड्रा के खेल परिसर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कमशः तवाफेंक बालिका राजश्री पटेल



पुरस्कार के साथ उपस्थित छात्राध्यापक एवं डाइट के व्याख्याता।

प्रथम पुरस्कार तवाफेंक बालक भुवनेश्वर राठिया 200 मी. दौड में शुभम बीवर प्रथम, लम्बीकूद में पुनीता कवर बैडमिंटन बालिका एकल राजश्री पटेल. बालिका युगल राजश्री पटेल एवं अमृता तात्कालिक भाषण सुनील कुमार द्वितीय, मोनो प्ले में पूजा श्रीवास प्रथम, नृत्य नाटिका में तृतीय स्थान, सामूहिक नृत्य में तृतीय स्थान बैडमिंटन युगल में बालक सौरभ दिवाकर एवं प्रकाश साहू ने द्वितीय पुरस्कार जीता। अकादमिक सदस्यों में बैडमिंटन एकल में व्याख्याता संजय कुमार शर्मा ने प्रथम, युगल में संजय कुमार शर्मा एवं गोपेश साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन महिला युगल में प्रतिमा साहू को द्वितीय स्थान, बेस्ट प्रेक्टिसेस में प्रतिमा साहू को द्वितीय स्थान, कराओके गायन में व्याख्याता भुवनेश्वर जायसवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पूरी प्रतियोगिता में राजश्री पटेल को 3 पुरस्कार जीतने पर उत्कृष्ट खिलाडी का इनाम दिया गया। टीम के मुख्य कोच खेल प्रभारी व्याख्याता याकूब कुजूर थे। पुरस्कार वितरण के अवसर पर एम.आर. चन्द्रा, सुशील राठौर, गोपेश साहू, के. एम. जायसवाल, कल्याणी बोस, मिली सिहं क्षत्रिय उपस्थित रहीं।

## इंटर डाइट प्रतियोगिता बैडमिंटन एकल में संजय विजेता



**जांजगीर-चांपा।** डाइट पेन्ड्रा में आयोजित जोन स्तरीय इंटर डाइट प्रतियोगिता में अकादमिक सदस्यों के बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता में डाइट जांजगीर के व्याख्याता संजय कुमार शर्मा ने प्रथम पुरस्कार जीता। उन्होनें क्रमशः जशपुर एवं पेन्डा डाइट को सीधे सेटों में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अकादमिक सदस्यों के युगल प्रतियोगिता में संजय कुमार शर्मा एवं गोपेश साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर जांजगीर नगर के सभी बैडमिंटन खिलाडियों क्रमशः अजय केशरवानी, डा. अनिल जगत, दीपक सिंह, विजय मराठे, प्रदीप सिंह, नवीन पालीवाल, विक्की अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मुरली गुरुनानी, पंकज नायक, सुशील सिंह, नीरज पाठक, अशुमाली राठौर, नीलसागर यादव, संदीप तिवारी, मुकेश झा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## गंदगी और जलकुंभी से अटा पड़ा है डोंगिया तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकास खण्ड अतंर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा का ऐतिहासिक देवतहा तालाब की निरीक्षण कर साफ सफाई करने एवं जलकुंभी को बाहर निकालने या तालाब में डोंगी के माध्यम से दवाई की छिड़काव कर जलकुंभी को पूरी तरह से नष्ट करने विचार विमर्श किया गया।

ज्ञात हो कि गांव का देवतहा तालाब डोंगिया तालाब देख रेख की अभाव में अपनी अस्तित्व खो रहे। कभी इस तालाब की पानी शुद्ध होने के कारण लोग निस्तारी के साथ-साथ पीने के लिए भी उपयोग करते थे, लेकिन अब इसे तालाब में बढ़ती गंदगी के कारण इसका पानी पीना तो दूर की बात है निस्तारी करने के लिए भी सोचना पड़ रहा है। गौरतलब है कि नवागढ़ विकास खण्ड अतंर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के डोंगिया तालाब की पानी शुद्धता के कारण कभी लोग



साफ-सफाई व्यवस्था के लिए डोंगिया तालाब का निरीक्षण करते पंचायत प्रतिनिधि।

डुबकी लगाया करते थे लेकिन वर्तमान समय में डोंगिया तालाब की जलकुंभी,गंदगी और बदबू की वजह से परेशान है। फिर भी ग्रामीण निस्तारी करने को मजबूर है। आपको बता दे कि साफ सफाई के अभाव की वजह से गंदगी और जलकुंभी से पटे तालाबों में नहाने से खुजली हो रही है। तालाब चारों तरफ जलकुंभी से अटा पड़ा हुआ है। साथ ही तालाब को संवारने के लिए सही ढंग से कोई उचित पहल नहीं किया गया है। नागरिकों का कहना है कि कभी कभार सफाई होता तो शायद तालाब की स्थिति अच्छी हो सकती थी। ग्रामीणों ने गांव के मुखिया से कहा डोंगिया तालाब की स्थिति चिंताजनक है। नवनिर्वाचित सरपंच सुष्मिता तरुण साहू उपसरपंच गोपी साहू एवं समस्त पंचों ने ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कहा है कि पंचायत में इस संबंध में बैठक किया जायेगा।

## नवागढ़ में भारतीय स्टेट बैंक शाखा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 8 मार्च को विकास खंड मुख्यालय नवागढ़ को भारतीय स्टेट शाखा की सौगात वर्चुअल उदघाटन कर दिया।

गौरतलब है विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ में शासकीय कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों की भरमार है, जिनकों राष्ट्रीय कृत बैंकों के लिये ज़िला मुख्यालय जाना पड़ता था।

- नवागढ़ एवं क्षेत्र वासियों का 42 साल बाद मांग हुई पूरी

नवागढ़ में शाखा खुलने से अधिकारी कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को समय के साथ साथ आर्थिक बचत भी होगी। नगर के वरिष्ठ नागरिक बसंत सिंह ने बताया कि नवागढ़ के नागरिकों द्वारा आज से 42 साल पहले 1982 में अविभाजित बिलासपुर के तत्कालीन कलेक्टर एम.के.दीक्षित के कार्य काल 10 सूत्रीय मांग को लेकर आमरण अनशन भी किया गया था जिसमें स्टेट बैंक की मांग प्रमुख था। कार्यक्रम में जोनल हेड डी जी एम आलोक रंजन, रीजनल मैनेजर ए जी एम, आदर्श



शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

श्रीवास्तव, चीफ मैनेजर जीवराखन कावडे, डिप्टी मैनेजर अतुल सिंह, नवनियुक्त शाखा प्रबंधक दिनेश टिंकू के साथ गणमान्य नागरिकों में वरिष्ठ अधिवक्ता पीताम्बर केसरवानी, प्रकाश केसरवानी, ललित केसरवानी, संतोष साहू, रुपेश केशरवानी, जगन्नाथ केसरवानी, भूपेन्द्र साहू के साथ बड़ी संख्या में व्यापारी गण एवं नगर की महिला पुरुष उपस्थित थे।

# बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के आचार्य चाणक्य सभागार में रविवार 9 मार्च

- नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

को छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर चांपा के तत्वाधान में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था।

सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष जांजगीर चांपा गगन जयपुरिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोहन कुमारी साहू, श्रीमती मनीषा चौहान जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह, ग्राम पंचायत बिर्रा के प्रथम नागरिक नवनिर्वाचित



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।

सरपंच श्रीमती पीली बाई साहू, चेतन दास महंत जिला मंत्री भाजपा, गोकुल जायसवाल ,उपसरपंच बिमला बाई रामगोपाल कश्यप, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिलाल कश्यप एवं जन सेवक एकादशिया साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित गीता प्रसाद तिवारी भागवत आचार्य ने किया। मुख्य अतिथि गगन जयपुरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बिना गुरु का समाज का परिकल्पना करना असंभव है। मकान बनाने वाले, इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाले या कोई भी औजार बनाने वाले किसी न किसी स्कूल में पढ़ा लिखा होगा तब कहीं उसको बनाने का ज्ञान प्राप्त हुआ होगा। बिना गुरु जी के ज्ञान प्राप्त करना संभव नहीं है। इसलिए गुरुओं का समाज में बड़ा ही महत्व है, और रहेगा। समाज को आईना दिखाने का काम गुरु करते हैं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री चेतन दास महंत एवं अन्य अतिथियों ने भी अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन धन्य कुमार पांडे जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर चांपा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार भुवनेश्वर प्रसाद देवांगन छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भुवनेश्वर देवांगन प्रांतीय मंत्री छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, हरिराम जयसवाल पूर्व प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, मनोज कुमार तिवारी पूर्व प्रदेश संयोजक छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, रामकिशोर देवांगन पूर्व ब्लाक अध्यक्ष बम्हनीडीह, श्रीमती जयंती दुबे पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, नारायण साहू विकासखंड बम्हनीडीह अध्यक्ष, पंचराम तंबोली तहसील अध्यक्ष चांपा, लखन लाल कश्यप, शिक्षक गण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

